संपादकीय

# लौट आया शीत युद्ध

यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दुनिया में बड़ी ताकतों के बीच कई मोर्चों पर होड़ देखने को मिल रही है। लेकिन बात सिर्फ धरती तक सीमित नहीं है। बल्कि यह अंतरिक्ष तक पहुंची दिखती है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को लेकर भी एक नई होड़ दिख रही है। फरवरी 2022 की शुरुआत में रूस की स्पेस एजेंसी रोसकोसमोस पर अंतरिक्ष में अमेरिका और यूरोप ने प्रतिबंध लगा दिए। इसके बाद रोसकोसमोस के अधिकारियों ने कहा कि यूरोप, एशिया, और अमेरिका अंतरिक्ष में रूस के सहयोग के बिना नहीं टिक सकते। उन्होंने कहा- अगर आप हमारी सहायता करना बंद कर देते हैं, तो आईएसएस को अनियंत्रित होने और उसे अमेरिका या यूरोप में गिरने से कौन बचाएगा? आईएसएस भारत या चीन में भी गिर सकता है। क्या आप इन संभावनाओं के आधार पर उन्हें डराना चाहते हैं? अब बीते हफ्ते रूसी स्पेस एजेंसी के नए निदेशक यूरी बोरिसोव ने इन चेतावनियों को दोहराया। साथ ही उन्होंने पुष्टि की कि रूस वास्तव में 2024 के बाद आईएसएस के साथ अपना सहयोग समाप्त कर देगा। उन्होंने कहा- उस समय तक हम रूसी ऑर्बिटिंग स्टेशन बनाना शुरू कर देंगे।

उधर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अमेरिकी सरकार से वादा किया है कि 2030 तक आईएसएस काम करता रहेगा। नासा ने बीते जनवरी में एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसमें रूस को अभी भी आईएसएस के प्रमुख भागीदार के तौर पर बताया गया था। लेकिन तब तक रूस ने यूक्रेन पर हमला नहीं किया था। अमेरिका की योजना है कि 2030 के बाद उन अंतरिक्ष कार्यक्रमों को निजी क्षेत्र के प्लेटफॉर्म पर संचालित किया जाएगा, जिन्हें आज आईएसएस की मदद से किया जाता है। नासा ने कहा है कि एक या उससे ज्यादा व्यावसायिक स्वामित्व और संचालन वाले स्पेस स्टेशन आईएसएस की जगह ले सकते हैं। ऐसा होने के बाद 2031 में आईएसएस को नियंत्रित तरीके से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा और प्रशांत महासागर के एक निर्जन इलाके में उतारा जाएगा। लेकिन यह बात तय है कि धरती से लेकर अंतरिक्ष तक अंतरराष्ट्रीय सहयोग अब एक दुर्लभ बात होती जा रही है। यह कोई अच्छी खबर नहीं है। यह एक तरह से पुराने शीत युद्ध की वापसी है।

# अलीबाबा की कड़ी कार्यवाई, खराब बिक्री के बीच 10 हजार कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**बीजिंग**




चीनी तकनीकी समूह अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्च में कटौती के प्रयास में लगभग 10,000 कर्मचारियों को अलविदा कह दिया है। जून तिमाही के दौरान 9,241 से अधिक कर्मचारियों ने हांग्जो स्थित अलीबाबा छोड़ दिया, क्योंकि कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों की संख्या को घटाकर 245,700 कर दिया।

रिपोर्ट में कहा गया है, इससे दक्षिण चीन मॉर्निंग पोस्ट के मालिक अलीबाबा के कर्मचारियों की संख्या में छह महीने से जून तक 13,616 की कमी आई है, जो मार्च 2016 के बाद से फर्म की पहली गिरावट है। अलीबाबा ने जून तिमाही में शुद्ध आय में 50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22.74 अरब युआन (3.4 अरब डॉलर) की गिरावट दर्ज की, जो पिछले साल की समान अवधि में 45.14 अरब युआन थी।

अलीबाबा के चेयरमैन और सीईओ डेनियल झांग योंग ने कहा कि कंपनी इस साल करीब 6,000 नए यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट्स को अपने हेडकाउंट में जोड़ेगी। पिछले महीने, रिपोर्टें सामने आई थीं कि अरबपति जैक मा सरकारी नियामकों के दबाव के बीच एंट ग्रुप का अपना नियंत्रण छोड़ने की योजना बना रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य फिनटेक दिग्गज के सहयोगी अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग से दूर जाने के प्रयास के तहत है, जो सरकार की अत्यधिक जांच के अधीन है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य फिनटेक दिग्गज के सहयोगी अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग से दूर जाने के प्रयास के तहत है, जो सरकार की अत्यधिक जांच के अधीन है। पिछले साल से, चीनी नियामक प्राधिकरण इंटरनेट क्षेत्र में अपने प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए अलीबाबा और एंट ग्रुप जैसे घरेलू तकनीकी दिग्गजों पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, मा अपनी कुछ वोटिंग शक्ति को मुख्य कार्यकारी एरिक जिंग सहित अन्य एंट अधिकारियों को हस्तांतरित करके अपना नियंत्रण छोड़ सकते हैं। 1999 में स्थापित, अलीबाबा एक बड़े फेरबदल के माध्यम से चला गया जब मा ने 2015 में सीईओ के रूप में डेनियल झांग को चुना और 2019 में उन्हें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया।

# शीर्ष 10 कंपनियों में आठ का बाजार पूंजीकरण 98,235 करोड़ रुपये बढ़ा, इंफोसिस, टीसीएस में तेजी

**नई दिल्ली।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 98,234.82 करोड़ रुपये जोड़े। इस दौरान आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों इंफोसिस और टीसीएस ने जोरदार बढ़त दर्ज की। पिछले हफ्ते बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 817.68 अंक या 1.42 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक में ही गिरावट हुई।इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 28,170.02 करोड़ रुपये बढक़र 6,80,182.93 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 23,582.58 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज की। उसका मूल्यांकन 12,31,362.26 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का बाजार मूल्यांकन 17,048.21 करोड़ रुपये बढक़र 17,14,256.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,861.32 करोड़ रुपये बढक़र 5,83,261.75 करोड़ रुपये हो गया।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 6,008.75 करोड़ रुपये बढक़र 4,34,748.72 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 5,709.2 करोड़ रुपये बढक़र 4,42,157.08 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 2,186.53 करोड़ रुपये बढक़र 4,73,584.52 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 1,668.21 करोड़ रुपये बढक़र 6,21,220.18 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 4,599.68 करोड़ रुपये घटकर 4,27,079.97 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 4,390.73 करोड़ रुपये घटकर 7,92,860.45 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी का दर्जा बरकरार रखा।

# पैदल चाल में प्रियंका ने रचा इतिहास

**बर्मिंघम**



एथलेटिक्स में भारत के लिए शनिवार का दिन अच्छा रहा। अविनाश साबले ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडक़र राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा का रजत पदक जीता। वहीं प्रियंका गोस्वामी ने 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। गोस्वामी ने पैदल चाल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर नया इतिहास रचा। दो रजत के साथ भारतीय एथलेटिक्स टीम के चार पदक हो गए हैं।

# आईपीओ में निवेश का मौका : 28 कंपनियों को 45,000 करोड़ रुपये के आईपीओ लाने के लिए सेबी की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटरी सेबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-जुलाई के दौरान 28 कंपनियों को इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ लाने की मंजूरी दी है। इनके जरिए इन कंपनियों को कुल 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

**इन कंपनियों के आएंगे आईपीओ-** जिन फर्मों ने आईपीओ लाने के लिए नियामक की मंजूरी हासिल की है, उनमें लाइफस्टाइल रिटेल ब्रांड फैबइंडिया, एफआईएच मोबाइल्स और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी समूह की सहायक कंपनी- भारत एफआईएच, टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस, ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस और मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स एंड किड्स क्लिनिक इंडिया शामिल हैं।

**आईपीओ लाने की तारीख घोषित नहीं हुई-** मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि इन फर्मों ने अभी तक अपने आईपीओ लाने की तारीख घोषित नहीं की है और इश्यू के लिए सही समय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की मौजूदा स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। आनंद राठी इनवेस्टमेंट बैंकिंग के निदेशक और इक्विटी पूंजी बाजार के प्रमुख प्रशांत राव ने कहा, ''मौजूदा माहौल चुनौतीपूर्ण है और जिन कंपनियों के पास मंजूरी है, वे आईपीओ लाने के लिए सही वक्त का इंतजार कर रही हैं।''

**अब तक 11 कंपनियां आईपीओ हुए लॉन्च-** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार कुल 28 कंपनियों ने अप्रैल-जुलाई 2022-23 के दौरान आईपीओ के जरिए पूंजी जुटाने के लिए नियामक की मंजूरी हासिल की। इन फर्मों से कुल मिलाकर 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 11 कंपनियां आईपीओ के जरिए 33,254 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इसमें एक बड़ा हिस्सा (20,557 करोड़ रुपये) एलआईसी के आईपीओ का था।

# रक्षा बंधन होगी अक्षय कुमार की सबसे छोटी फिल्म, सेंसर बोर्ड ने नहीं लगाया कोई कट

जहां अक्षय कुमार की पिछली फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को रिलीज से पहले ही जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा, वहीं उनकी नई फिल्म रक्षा बंधन को लोगों को खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म के रिलीज हुए गानों को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म सेंसर बोर्ड से बिना किसी कट के पास हो गई है। फिल्म को यू-सर्टिफिकेट मिला है। यह अक्षय कुमार की अब तक की सबसे छोटी फिल्म होगी।



रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को सेंसर बोर्ड ने फिल्म के निर्माताओं को सर्टिफिकेट दे दिया। यह फिल्म एक फैमिली एंटरटेनर है और आनंद एल राय ने इसे काफी संवेदनशीलता से बनाया है। ऐसे में बोर्ड को फिल्म में कहीं भी कट लगाने की जरूरत नहीं लगी। फिल्म का रन टाइम 1 घंटा 50 मिनट का है। अक्षय कुमार के 30 साल से लंबे करियर में यह अब तक की उनकी सबसे छोटी फिल्म है।

सेंसर बोर्ड फिल्मों को तीन तरह के सर्टिफिकेट जारी करती है। यू-सर्टिफिकेट का मतलब है कि फिल्म हर दर्शक के देखने के लिए उचित है। यू/ए का मतलब फिल्म को बच्चे, बड़ों की निगरानी में देखेंगे। वहीं ए-सर्टिफिकेट वाली फिल्में सिर्फ वयस्कों के लिए हैं।

रक्षा बंधन में अक्षय का किरदार चार बहनों का अकेला भाई है। उसके ऊपर इन चारों बहनों की शादी की जिम्मेदारी है। इन बहनों का किरदार सादिया खतीब, शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना और स्मृति श्रीकांत निभा रही हैं। हिमांशु शर्मा और कनिका ढिल्लन की लिखी यह कहानी हंसाते-गुदगुदाते लड़कियों की शादी के खर्च और दहेज के मुद्दे को उठाती है। फिल्म के गाने सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। रक्षा बंधन 11 अगस्त को रिलीज हो रही है।

11 अगस्त को रक्षा बंधन बड़े पर्दे पर आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा (एलएससी) से टकराएगी। हालांकि, दोनों के रन टाइम में बड़ा अंतर होने से फिल्म को स्क्रीन मिलने में ज्यादा नुकसान नहीं होगा। एलएससी 2 घंटे 40 मिनट की है।

# भारत ने विंडीज पर बनायी 3-1 की अपराजेय बढ़त



**लॉडरहिल**

भारत ने अपने सभी बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान और गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन से वेस्ट इंडीज को चौथे टी20 मैच में शनिवार को एकतरफा अंदाज में 59 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद वेस्ट इंडीज को 19.1 ओवर में 132 पर रोक दिया। भारत की तरफ से आवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह 12 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। विंडीज की तरफ से कप्तान निकोलस पूरन और रोवमन पॉवेल ने 24-24 रन बनाये।

इससे पहले वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने तेज शुरुआत करते हुए 4.4 ओवर में ही 53 रन ठोक डाले। कप्तान रोहित शर्मा ने मात्र 16 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 33 रन कीआतिशी पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने एक चौके और दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाये। दीपक हुड्डा ने 21 और ऋषभ पंत ने 31 गेंदों में छह चौकों के सहारे 44 रन, संजू सैमसन ने 23 गेंदों में नाबाद 30 और अक्षर पटेल ने आठ गेंदों में दो छक्कों के सहारे नाबाद 20 रन बनाये। केवल दिनेश कार्तिक छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्ट इंडीज की तरफ से ओबेद मकाय और अलजारी जोसफ ने दो-दो विकेट लिए।

# बिग बॉस 16 में दिख सकते हैं अभिनेता नकुल मेहता

दिग्गज अभिनेता सलमान खान के शो बिग बॉस 16 को लेकर फैंस की उत्सुकता बढ़ी हुई है। टीआरपी की सूची हमेशा यह शो ऊपर रहा है। इसका प्रसारण अक्टूबर में टीवी पर शुरू हो सकता है। फिलहाल इस शो में भाग लेने के लिए कई कलाकारों को अप्रोच किया जा रहा है। अब खबर सामने आ रही है कि टीवी अभिनेता नकुल मेहता इस शो में नजर आ सकते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस 16 में अभिनेता नकुल की एंट्री हो सकती है। सूत्र ने बताया कि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स उन्हें शो में शामिल करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अगर बात बनती है, तो दर्शकों को शो में नकुल का अलहदा अंदाज देखने को मिलेगा। खबरों की मानें तो उन्हें शो के पिछले सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था। हालांकि, उन्होंने इसके लिए हामी नहीं भरी थी।

नकुल को बड़े अच्छे लगते हैं 2 में अपने प्रदर्शन के लिए खूब सराहना मिली है। इस शो के लिए उन्हें आईटीए अवॉर्ड्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मिला था। रिपोर्ट्स की मानें तो यह शो अगले कुछ ही हफ्तों में बंद हो जाएगा। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 2012 में प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा के साथ की थी। इस अभिनेता को इश्कबाज और दिल बोले ओबेरॉय जैसे टीवी सीरीज में देखा गया है।

# पूजा गहलोत ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**बर्मिंघम**



भारत की पूजा गहलोत ने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल में स्कॉटलैंड की क्रिस्टेल को 12-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। कुश्ती में यह भारत का दूसरा कांस्य पदक है। भारत अब तक कुश्ती में कुल 10 पदक, तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत चुका है। भारत की पूजा गहलोत की मैच की शुरुआत खराब रही। स्कॉटलैंड के क्रिस्टेल ने पहले दौर में 2-0 की बढ़त बना ली। लेकिन तभी गहलोत ने क्रिस्टेल के खिलाफ गुटलेज की पारी खेली। उसने स्कॉटिश खिलाड़ी की टांगों पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपना गोल-गोल घुमाया। पूजा ने अपने खाते में 10 अंक बनाए और ख्रीस्तल के खिलाफ 5 गोल किए। पहले दौर में 10 - 2 की बढ़त लेने के बाद, पूजा गहलोच ने दूसरे दौर में तुरंत दो अंक हासिल कर 12 - 2 से मैच जीतकर भारत को कुश्ती में एक और कांस्य पदक दिलाया।

## आज का राशिफल

*मेष :* आज का दिन व्यस्त हो सकता है। दूसरों के कारण मानसिक उलझनों से व बाहर के खाने से बचें। यदि नौकरी की तलाश में हैं तो आज आपको सुखद सूचना मिल सकती है लेकिन अति लोभ व नकारात्मक विचारों से ऊपर उठें।

*वृष :* आपका प्रयास आज रंग लाएगा। किसी तरह का शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाने का काम करेंगे। अपनों का सहयोग मिलेगा, मित्र भी साथ देंगे। स्वास्थ्य बेहतर होगा।

*मिथुन :* आपको धन लाभ होने की संभावना है। मनोकामना की पूर्ति का दिन है। आज दिन शुभ रहेगा। आज का दिन मंगलमय रहेगा। अचानक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। अल्प प्रयासों से यश मिलेगा।

*कर्क :* विद्यार्थी वर्ग के लिए समय अनुकूल है। कर्क राशि के जातक आज ऊर्जावान रहेंगे। भागीदारी में लाभ कम होगा। आपके अपने मधुर व्यवहार करें इसलिए लिए जागरूक रहना सही है।

*सिंह :* आपका आज का दिन मिश्रित रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। कोई समाचार मिलने के योग है। समय निकालकर आराम करें। सोच-समझकर यात्रा एवं कार्य-व्यवहार करें।

*कन्या :* आज आशानुकूल लाभ होने की संभावना है। आपको अधिकारी वर्ग से सहायता मिलेगी। विरोधी निर्बल रहेंगे। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों के प्रति लापरवाही बरतने से मन-मुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

*तुला :* आज प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना बनेगी। जिससे आपको धन लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। आपको यश, मान, सम्मान में वृद्धि का योग बन रहा है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

*वृश्चिक :* आज कार्य बनने की खुशी होगी। बनाए गए नए सम्पर्कों से लाभ होने की संभावना है। सफलता प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। जोखिमपूर्ण कार्यों में रुचि बढ़ेगी, सावधानीपूर्वक कार्य करने की जरूरत है।

*धनु :* आज व्यस्तता बनी रहेगी। फिर भी कार्यों की गति धीमी रहेगी। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी। नए कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद की अस्वस्थता से परेशान न हों सब सही रहेगा।

*मकर :* आज की गई यात्रा सुखद रहेगी। किसी कार्य संबंधी मामले में उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा भेंट मिलने की खुशी होगी। दिन अनुकूल रहने से मानसिक प्रसन्नता बनी रहेगी। लाभ निश्चित है।

*कुंभ :* आज आत्मविश्वास में बढोतरी होगी । कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु तंग कर सकते हैं, सावधान रहें। प्रेम संबंध में तालमेल बनाएँ रखें। आत्मविश्वास की कमी दिख सकती है इसे कमजोर न होने दें।

*मीन :* भाग्य का साथ आज सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे। यश-कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यवहार कुशलता और शांत रहकर कार्य बना लें। उन्नति का अवसर मिलेगा। भाई, बहन और बंधु-बांधवों से विचार के तालमेल का अभाव बनेगा।

# बारिश का मजा दोगुना कर देंगे चटपटी सोया चिली



बारिश के मौसम में चटपटा खाने की क्रेविंग बढ़ जाती है। शाम का समय हो या सुबह का, जब भी बारिश हो जाए तो फ्राइड-चटपटी चीजे खाने का मजा अलग होता है। अगर आपको भी ऐसी क्रेविंग होती है तो आप चिली सोया बनाकर खा सकते हैं। इसे बनाने का तरीका चिली पनीर और चिली पोटेटो से मिलता जुलता है लेकिन स्वाद काफी अलग होता है। यहां सीखें इसे बनाने का तरीका-

## सामग्री

सोयाबीन, नमक, देगी मिर्च, हल्दी पाउडर, गरम मसाला, काली मिर्च, कॉर्नफ्लोर, अदरक लहसुन का पेस्ट, तेल, अदरक, लहसुन, हरी मिर्च, प्याज, शिमला मिर्च, ब्लैक सोया सॉस, रेड चिल्ली सॉस, टोमैटो केचप, हरे प्याज, तिल,

## विधि

इसे बनाने के लिए सोयाबीन को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें जब तक कि यह नरम न हो जाए। 10-15 मिनट बाद सोयाबीन का सारा पानी निचोड़ लें। फिर सोयाबीन में स्वादानुसार नमक, देगी मिर्च, हल्दी पाउडर और गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिला लें। फिर इसमें 2-3 चम्मच कॉर्नफ्लोर और 2 चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट डालें। अच्छे से मिक्स करें। और फिर मीडियम आंच पर डीप फ्राई करें। इन्हें क्रिस्पी होने तक फ्राई करना है।

एक पैन में तेल डालें। फिर कटा हुआ अदरक, लहसुन और 2 हरी मिर्च डालें। 2 कटे हुए प्याज डालकर भूनें। प्याज के सुनहरा होने पर 2 कटी हुई शिमला मिर्च डालें। फिर स्वादानुसार नमक और काली मिर्च डालें। ब्लैक सोया सॉस, रेड चिल्ली सॉस और टोमैटो केचप डालें। अच्छी तरह मिलाएं और फिर इसमें पानी डालें। जब इसमें उबाल आ जाए तो इसमें 2 छोटी चम्मच कॉर्नफ्लोर और पानी मिलाकर कॉर्नफ्लोर का पेस्ट डाल दें। ऐसा करने पर आपको ये काफी गाढ़ा दिखने लगेगा। जब उबाल आ जाए तो इसमें तली हुई सोयाबीन डालें। इसे हरे प्याज और तिल से गार्निश करें। चिली सोया तैयार है।

# शब्द सामर्थ्य- 157

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 157

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |